सिएट स्पेश्यलिटी टायर्स लिमिटेड ने धनबाद में पेश किया माइनमैक्स

धनबाद, 19 दिसंबर, 2018: सिएट स्पेश्यलिटी टायर्स लिमिटेड ने धनबाद में आज टिपर ट्रक श्रेणी के लिए अपने स्पेश्यलिटी टायरों की नई रेंज माइनमैक्स पेश करने की घोषणा की। मजबूत टायरों की इस रेंज की विशेषता फोर ब्रेकर प्लाई तकनीक है, जिससे टायर की उम्र बढ़ जाती है और इसे पंक्चर से भी सुरक्षा मिलती है। टायर तीन आकारों – 11.00–20, 12.00–20 और 12.00–24 में उपलब्ध होंगे।

माइनमैक्स का विशेष रूप से डिजाइन किया गया ऊपर का हिस्सा बेहतर तनाव और पकड़ प्रदान करता है तथा टायर अपने बेहतर घेरे की वजह से लंबी दूरी तक चलता है और उसे बेहतर स्थायित्व मिलता है।

सिएट स्पेश्यलिटी टायर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री विजय गंभीर *ने इस मौके पर कहा, "धनबाद हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण शहर है और यहां माइनमैक्स टायर्स पेश करते हुए हमें खुशी हो रही है। हमने इन टायरों का भारत के विभिन्न खनन क्षेत्रों जैसे पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा में परीक्षण किया है और शानदार नतीजे मिले हैं। हमें यकीन है कि अपनी अनूठी विशेषताओं और फायदों के कारण ये टायर उन ग्राहकों की पहली पसंद बन जाएंगे, जो बेहतर गुणवत्ता वाले टायर तलाश रहे हैं।"*

माइनमैक्स टायर देश भर के प्रमुख बाजारों में सिएट के अधिकृत डीलरों तथा वितरकों के पास उपलब्ध हैं।

सिएट स्पेश्यलिटी टायर्स लिमिटेड के बारे में:

सिएट स्पेश्यलिटी टायर्स लिमिटेड सिएट की विशेष सहयोगी कंपनी है, जो ऑफ हाईवे (हाईवे से इतर) जैसे कृषि, निर्माण, बंदरगाह आदि में उपयोग होने वाले टायर बनाती है। सीएसटीएल इस समय दुनिया में 80 से भी अधिक देशों में मौजूद है और गुजरात के हलोल में इसका समर्पित अनुसंधान एवं विकास केंद्र है।

मीडिया संपर्क: